क्रमांकः सीबीएसई/सीटीईटी/दिसम्बर/2019 दिनांकः 16.08.2019

# प्रेस विज्ञप्ति

## सीटीईटी दिसम्बर-2019

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केन्द्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के 13वें संस्करण का आयोजन दिनांक 08.12.2019 (रविवार) को करेगा। यह परीक्षा पूरे देश में 110 शहरों में 20 भाषाओं में आयोजित की जायेगी। विस्तृत सूचना-बुलेटिन जिसमें परीक्षा, भाषायें, पाठ्यक्रम, योग्यता मानदंड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा शहर और महत्वपूर्ण तिथियां शामिल हैं, सीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट www.ctet.nic.in पर दिनांक 19.08.2019 से उपलब्ध होगी।

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वह **उपर्युक्त वेबसाइट से ही सूचना बुलेटिन डाउनलोड करें और आवेदन करने से पहले सावधानीपूर्वक पढ़ें।** इच्छुक उम्मीदवारों को केवल सीटीईटी वेबसाइट www.ctet.nic.in के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 19.08.2019 से शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 18.09.2019 है और दिनांक 23.09.2019 अपराहन 03.30 बजे तक शुल्क का भुगतान किया जा सकता है ।

निदेशक (के.अ.पा.प.)
एवं
सचिव, के.मा.शि.बो.

केन्द्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा एकक, पी० एस० 1-2 इन्स्टीट्यूशनल एरिया, आई० पी० एक्स० पटपड़गंज, दिल्ली-110092
CTET Unit, PS, 1-2 Institutional Area, I.P. Extension. Patparganj, Delhi-110092
फोन/Telephone:+91-11-22235774, 22247154, 22247176 वेबसाइट/Website: www.ctet.nic.in